# प्रोजेक्ट आरोहण

## चर्चा में क्यों?

[भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)](#) ने **वर्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट** के सहयोग से **टोल प्लाज़ा कर्मचारियों** के बच्चों की **शैक्षिक आकांक्षाओं** का समर्थन करने के लिये '[प्रोजेक्ट आरोहण](#)' का **शुभारंभ** किया, जिसका शुभारंभ **समारोह** नई दिल्ली स्थित **NHAI मुख्यालय** में आयोजित किया गया।

## मुख्य बिंदु

- यह कार्यक्रम [आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS)](#), प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों और [अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST)](#), [अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)](#) तथा [अल्पसंख्यक समुदायों](#) सहित हाशिये पर रहने वाले छात्रों के लिये गुणवत्ता शिक्षा तक समान पहुँच सुनिश्चित करने और वित्तीय बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखता है।
- **उद्देश्य:** यह कार्यक्रम छात्रों के **समग्र शैक्षिक अनुभव** को बढ़ाने के लिये **संरचित मार्गदर्शन**, **कौशल निर्माण कार्यशालाएँ** और **करियर मार्गदर्शन** के साथ **वित्तीय सहायता** को जोड़ता है।
  - इस पहल का उद्देश्य छात्रों को न केवल [उच्च शिक्षा](#) के लिये बल्कि भविष्य में **रोज़गार** और **उद्यमिता** के लिये भी तैयार करना है।
- **वित्त पोषण:** परियोजना के पहले चरण के लिये वित्तीय वर्ष **2025-26 के लिये 1 करोड़ रुपये का कोष आवंटित किया गया है**।
- यह परियोजना **कक्षा 11 से स्नातक के अंतिम वर्ष** तक के 500 छात्रों को **वित्तीय वर्ष 2025-26** के लिये **12,000 रुपए** की **वार्षिक छात्रवृत्ति** प्रदान करेगी।
- **स्नातकोत्तर** और **उच्च शिक्षा** के इच्छुक 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को **50,000 रुपए प्रति विद्यार्थी** की **छात्रवृत्ति** दी जाएगी।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)

- इसकी स्थापना **NHAI अधिनियम, 1988** द्वारा **राष्ट्रीय राजमार्गों** के विकास, रखरखाव और **प्रबंधन** की निगरानी हेतु की गई थी।
- **NHAI** की प्रमुख ज़िम्मेदारी [राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (NHDP)](#) का **क्रियान्वयन** करना है, जिसमें **50,329 किमी** राजमार्ग शामिल हैं तथा **सुचारू यातायात प्रवाह** के लिये **सड़क अवसंरचना** में सुधार करना है।
- कुल 132,499 किमी लंबाई के साथ, राष्ट्रीय राजमार्ग भारत में **कुल सड़क यातायात का लगभग 40% वहन करते हैं**, जबकि वे **सड़क नेटवर्क का केवल 2%** ही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-aarohan